Hindustan (Hindi) 15 MARCH.

बुनकरों से मिले मुख्यमंत्री, उम्मीदें बंधाईं

आजमगढ़ महोत्सव

लखनऊ | निज संवाददाता

पर्यटन भवन परिसर में चल रहे आजमगढ़ महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पहुंचे। महोत्सव में मुख्यमंत्री ने बुनकरों, कलाकारों से मुलकात कर उनके क्षेत्र को पर्यटन के तौर पर विकसित करने का आश्वासन दिया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी भी देखी और बुनकरों व पॉटरी उद्योग से जुड़े हस्तशिल्पियों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई जनपद कला, संस्कृति और हस्तशिल्प के क्षेत्रों में खास मुकाम रखते हैं। आजमगढ़ जनपद की अपनी समृद्ध परम्परा है और इस जनपद के साथ-साथ संगीत, बुनकरी व पॉटरी से ताल्लुक रखने वाले इसके तीनों गांवों हरिहरपुर, मुबारकपुर और निजामाबाद को विकसित कर सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। उन्होंने आजमगढ़ में साड़ी केन्द्र की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि इस कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंडित भोलानाथ मिश्र का गायन सुना।



मुख्यमंत्री ने शनिवार को पर्यटन भवन में आजमगढ़ महोत्सव में प्रदर्शनी देखी

...लया नृत्य का टाला न पूर महात्सव आकषक नृत्य स ग...